
# पाटीदार समाज के 10 जोड़े बंधे परिणय बंधन में

## 62 सम्मेलन कर चुका है पाटीदार समाज, अब तक 5772 युगल बंधे विवाह सूत्र में

**शाजापुर। पाटीदार समाज द्वारा सामाजिक सरोकार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दुपाड़ा रोड स्थित पाटीदार छात्रावास में 62वां सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य समारोह में 10 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक-दूसरे का हाथ थामकर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया।**



ट्रस्ट सह सचिव उमेश पाटीदार (बंटी) ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज द्वारा अब तक कुल 62 सामूहिक विवाह सम्मेलनों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इन आयोजनों के माध्यम से अब तक रिकॉर्ड 5772 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, जो समाज की एकता और सेवा भाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आयोजन समिति द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद स्वरूप गृहस्थी का आवश्यक सामान दहेज के रूप में प्रदान किया गया। समिति ने सभी वर-वधु को आधिकारिक विवाह प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

### मातृशक्ति का विशेष योगदान

इस वर्ष के आयोजन की विशेष बात मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रही। महिलाओं ने न केवल बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं को संभालने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में समिति ने पधारे हुए सभी अतिथियों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया।



### जागरुकता गतिविधियों का आयोजन

कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशन में अक्षय तृतीया के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नमीता बौरासी के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता गतिविधियों का आयोजन एवं सामूहिक विवाह समेलन के निरीक्षण किए गए। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नमीता बौरासी द्वारा पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन दुपाड़ा रोड शाजापुर में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बौरासी द्वारा विवाह सम्मेलन में किए जा रहे विवाह जोड़ों के दस्तावेज देखे एवं भोजन कक्ष का निरीक्षण भी किया। साथ ही परियोजना कालापीपल द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन रामपुरा का निरीक्षण किया गया। त्रिपाठी ने बताया गया की जिले में शाम 6 बजे तक कंट्रोल रूम पर एक भी बाल विवाह किए जाने की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, जो दर्शाता है की जिले में कलेक्टर द्वारा आमजनों और सेवा प्रदाताओं से बाल विवाह रोकथाम के लिए की गई अपील को सेवा प्रदाताओं ओर आमजनों ने सकारात्मक रूप में लिया है एवं जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### दुपाड़ा में 19 जोड़ों का विवाह



मोहन बड़ोदिया। मोहन बड़ोदिया तहसील क्षेत्र के ग्राम दुपाड़ा में मां उमिया पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वावधान में 20 अप्रैल को 19 जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार द्वारा वैदिक विवाह पद्धति से सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक बंधुओं सहित मातृशक्ति उपस्थित रही। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने भी नवदंपति को गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। समाजजनों द्वारा वर-वधुओं को कई उपहार भेंट किए गए।

## एक नजर में

### व्यापारी ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान



**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र के टेम्पो चौराहा स्थित एक दुकान में रविवार रात लगभग 10 बजे एक व्यापारी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान पवन माहेश्वरी के रूप में हुई है, जो शहर में मोदी धागे वाले के नाम से प्रसिद्ध दुकान संचालक थे। जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे परिजनों और आसपास के लोगों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पवन माहेश्वरी रात करीब 9।30 बजे तक अपने परिचितों और दोस्तों से सामान्य रूप से बातचीत कर रहे थे। अचानक उठाए गए इस कदम के कारणों को लेकर परिजन और करीबी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वे मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और उनके परिवार में दो बेटियां हैं। पुलिस ने सूचना पर शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाते हुए मर्ग कायम किया। इस घटना से शहर में शोक छा गया।

### बच्चों को रंगोली बनाना सिखाया




**शुजालपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन के सान्निध्य में गन्ने के रस का वितरण किया गया। सतयुग एवं त्रेता युग प्रारंभ दिवस, गंगा अवतरण दिवस, जैन तीर्थंकर ऋषभदेव तप पारणा तथा भगवान परशुराम अवतरण दिवस जैसे अनेक शुभ संयोगों के उपलक्ष्य में आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जैन धर्म में अक्षय तृतीया के दिन गन्ने का रस ग्रहण करने का विशेष महत्व माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के प्रयास में जुटी पूजा मालवीय ने बच्चों को संस्कार भारती शैली की रंगोली बनाना सिखाया, जिससे बच्चों में उत्साह और सृजनात्मकता देखने को मिली। इस अवसर पर वीणा गोयल, शैलजा देशमुख, राजकुमारी अग्रवाल, तेजकिरण जैन, परमजीत कौर खालसा, आरती मारवाड़ी, वंदना चौहान, लक्ष्मी खत्री सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### चलती ट्रेन में प्रसूता को हुआ असहनीय दर्द, उपचार के दौरान मौत




**शुजालपुर।** इंदौर से भोपाल जाने वाली फास्ट पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रही दो माह की गर्भवती महिला को तेज दर्द उठने के बाद शुजालपुर उतारा गया और सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार रानी अहिरवार अपने पति हरिओम अहिरवार के साथ पीथमपुर में रहती थी और पति पीथमपुर के एक कारखाने में काम करता था, रानी की तबियत ढीक नहीं होने के कारण पति हरिओम उसे विदिशा के समीप स्थित कांकर गांव छोड़ने के लिए इंदौर से रविवार की रात को इंदौर भोपाल पैसेंजर में बैठा, बताया जाता है कि मक्सी रेलवे स्टेशन बाद पेट में अधिक दर्द होने के चलते अकोदिया रेलवे स्टेशन पर मदद के लिए रेलवे को सूचना दी गई, सफर में रानी की तीन वर्ष बेटी सहित जीजा भी मौजूद थे। रानी को शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर उतारा गया और जहां से सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी पहुंचाया। रानी ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले की जानकारी पर मक्सी रेलवे स्टेशन से रेलवे पुलिस शुजालपुर आई और शव का परीक्षण सिविल अस्पताल में करवाते हुए मामला कायम करते हुए जांच में लिया।

### 51 में से 49 शिकायत संतुष्टि के साथ बंद कराई

**मोहन बड़ोदिया।** अप्रैल माह में मोहन बड़ोदिया पुलिस ने सीएम हेल्पलाईन में 49 शिकायतें संतुष्टिपूर्वक बंद कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन बड़ोदिया थाने में कुल 51 शिकायत पेंडिंग थी, जिनमें से 49 शिकायतों का मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर ने महज कुछ ही दिनों में संतुष्टिपूर्वक बंद करवा दिया, जिनमें 100 दिन पुरानी शिकायत भी शामिल हैं।

# राज्य स्तरीय पत्रकार-प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश की बड़ौद इकाई ने किया आयोजन

**बड़ौद। जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जम्प) की बड़ौद इकाई के तत्वावधान में रविवार को राज्य स्तरीय पत्रकार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री महावीर जैन विद्या मंदिर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में पत्रकारिता की शूचिता और समाज के प्रति उनके उत्तरदायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जम्प प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना, राष्ट्रीय महासचिव नवीन आनंद जोशी, एडिशनल एसपी रविन्द्र कुमार बोयट, एसडीएम मिलिंद ढोके और कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू लाला द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। आयोजन को संबोधित करते हुए अतिथियों ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है। निष्पक्षता, निडरता और सत्यनिष्ठा ही पत्रकारिता की असली शक्ति है। बदलते दौर में जिम्मेदार और सकारात्मक पत्रकारिता की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। शासन-प्रशासन तक आमजन की आवाज पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरीश सक्सेना, संभागीय अध्यक्ष अमजद खान,ए संभाग उपाध्यक्ष साबिर शेख, जिला अध्यक्ष महेंद्र जैन, महासचिव पिंटू बैरागी, ब्लॉक अध्यक्ष शुभम भावसार, सुनील चौहान, विनोद माली, आरीफ मुल्तानी और अयूब मंसूरी का विशेष योगदान रहा।



### प्रतिभाओं का भी सम्मान

समारोह में पत्रकारों के अलावा आगर मालवा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सराहा गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से कलेक्टर प्रीति यादव, एसपी विनोद कुमार सिंह, एएसपी रविंद्र बोयट और एसडीएम मिलिंद ढोके, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू लाला के साथ अन्य शामिल थे।

### पत्रकार भवन के लिए सौंपा मांग पत्र...

कार्यक्रम के दौरान पत्रकार प्रतिनिधियों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए एसडीएम मिलिंद ढोके को शहर में पत्रकार भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित करने की मांग को लेकर एक मांग पत्र सौंपा . एसडीएम ने इस मांग पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया .

# एसएससी सीजीएल में चयनित रुचि वर्मा का किया सम्मान



**शुजालपुर। उड़ान शैक्षणिक व सामाजिक समिति द्वारा मासिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर गृह मंत्रालय में एएसओ पद पर चयनित रुचि पिता अजय वर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी गई।**

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि रुचि वर्मा को मार्गदर्शन देने वाली उनकी माताजी जया वर्मा ने भी उनकी दिनचर्या, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति समर्पण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं रुचि वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए, जो उपस्थित युवाओं के लिए प्रेरणादायक रहे। कार्यक्रम में वंदना चौहान ने उड़ान समिति की गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि अलका देशमुख ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौहान व आभार मधु मंडलोई ने माना। इस अवसर पर माधवी सणस, चंदा सक्सेना, भारती राजपूत, हरभजन कौर, अभिलाषा श्रीवास्तव, सपना राय, रश्मि अवस्थी, शीतल विजयवर्गीय, अंजु खत्री एवं पलक अवस्थी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**एक नजर में** — सर्वब्राह्मण समाज की 24 को वाहन रैली और 26 को निकलेगी शोभायात्रा

# परशुराम जयंती पर हवन अनुष्ठान के साथ तीन दिवसीय आयोजन शुरू



**शाजापुर। प्रभु श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा तीन दिवसीय आयोजन किए जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत सोमवार को भगवान परशुरामजी के हवन-पूजन से हुई। इस दिन बड़ी संख्या में समाजजनों ने दुपाड़ा रोड स्थित मंदिर पहुंचकर वहां विधि-विधान से हवन-पूजन कर प्रभु का आशीर्वाद लिया।**

आयोजन के लिए मंदिर को फूलों से सजाया गया और आकर्षक लाइटिंग से परिसर जगमगा उठा। इस अवसर पर समाज के विप्र बंधुओं ने हवन-पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन और मातृशक्ति उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी मोहित व्यास ने बताया कि प्राकट्योत्सव को लेकर समाज में व्यापक उत्साह है। अब तक 800 से अधिक घरों तक पहुंचकर शोभायात्रा और वाहन रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया जा चुका है। शहर में समाज के लगभग 1200 परिवार निवास करते हैं। इसके अतिरिक्त आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। अध्यक्ष दिलीप शर्मा और युवा अध्यक्ष भूपेंद्र भोला शर्मा ने जानकारी दी कि समाज हर वर्ष इस उत्सव को धूमधाम से मनाता है। इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है और प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जिसमें महिला और पुरुष शाखाओं के अलग-अलग पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत 20 अप्रैल को सुबह चामुंडा टेकरी स्थित परशुराम मंदिर पर हवन-पूजन किया गया। शाम को महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 24 अप्रैल को एक विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। यह रैली राजराजेश्वरी मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दुपाड़ा रोड स्थित परशुराम मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद 26 अप्रैल को बालवीर हनुमान मंदिर, वजीरपुरा से एक भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर पुनः उसी स्थान पर समाप्त होगी। शोभायात्रा के समापन के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



### धर्मध्वजा के साथ ब्राह्मण चेतना का भव्य उद्घोष

**शुजालपुर।** नगर में भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और वैदिक उल्लास के साथ भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं परशुराम सेना के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में एकता, संस्कार, संगठन और सनातन चेतना के जागरण का सशक्त माध्यम बन रहा है। सोमवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर प्रातः 9 बजे परशुराम चौराहा पर ध्वजा पूजन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने विधिवत ध्वज पूजन एवं आरती कर आयोजन की शुरुआत की। इस दौरान पूर्व समाज अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष जनक जोशी, परशुराम सेना जिला अध्यक्ष रामानुज समाधिया सहित समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वज पूजन के पश्चात समाजजन भगवा ध्वजों के साथ सप्तऋषि भवन स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे, जहां भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। पंडित रवि दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन के अंतर्गत 21 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 9 बजे महर्षि गौतम आश्रम रेलवे गेट के पास आदि गुरु शंकराचार्य जयंती श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। वहीं 1 मई 2026 को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं व्यंजन मेला आयोजित होगा, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात 2 मई शनिवार को दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर रायकनपुरा शुजालपुर सिटी से भव्य वाहन रैली एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न होगी। सप्तऋषि ब्राह्मण समाज सचिव गंगाधर शर्मा एवं पूर्व पार्षद प्रवीण जोशी ने बताया कि यह उत्सव सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता और धार्मिक एकजुटता का महापर्व है।

### बिजाना में मनाया भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव

**मोहन बड़ोदिया।** अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सोमवार को ग्राम बिजाना में श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में विप्रजनों द्वारा भगवान परशुराम जी का पूजन कर महाआरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया।

